सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून/अयोध्या 14 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम लला के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूजा–अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि ''मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में, श्री रामलला के दिव्य एवं अलौकिक दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। अद्भुत, अलौकिक और भव्य राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। सभी को एक बार यहां आकर रामलला के दर्शन अवश्य करने चाहिए।

मेरा यह सौभाग्य रहा है कि मुझे सेना में अपनी पहली पोस्टिंग के दौरान अयोध्या में सेवा करने का मौका मिला, जिसकी सुनहरी स्मृतियां मेरे मन मस्तिष्क पर अभी तक जीवंत हैं। 500 वर्षों के इंतजार के बाद वर्तमान में भव्य एवं दिव्य अयोध्या धाम भारत की अनुपम विरासत को संजोने के प्रयासों का सूचक है।''

गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा सेना में सेवाएं देने के दौरान अपनी पहली पोस्टिंग में अयोध्या (तब फैज़ाबाद) में सेवाएं दी जिस कारण उनका अयोध्या से गहरा लगाव रहा है।

अपनी अयोध्या यात्रा के दौरान राज्यपाल ने प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर में संकटमोचन श्री हनुमान के दर्शन कर विश्वकल्याण के लिए प्रार्थना की। इस दौरान राज्यपाल ने सरयू आरती स्थल नयाघाट पंहुचकर आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल श्री रविनाथ रामन भी मौजूद रहे।

............0............